जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय
मदाऊ, भांकरोटा–मुहाना लिंक रोड़, जयपुर, (राज.) - 302026
वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई–मेल - jrrsu@yahoo.com

क्रमांक प.( ) जरारासंविवि/ अनु.केन्द्र / 25 / 11399 दिनांक- 06/11/2025

# अत्यावश्यक सूचना

श्रीमान्
विश्वविद्याल से सम्बद्ध समस्त शोधनिर्देशक एवं
/ अनुसंधान केन्द्र के पंजीकृत शोधार्थी,
जरारासंविवि, जयपुर

विषय:- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (U.G.C.) द्वारा जारी स्कोलरसिप की राशि प्राप्ति के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ:- आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर के पत्र क्रमांक- **F-7(4) Budget Announcement/ Acad/ CCE/2023-02802-part File(3)** दिनांक-**29.10.2025**

प्रिय शोधनिर्देशक एवं
/ शोधच्छात्र

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि रिसर्च फैलोशिप स्कीम फॉर पीएच.डी. स्टूडेंटस-2023 योजना का लाभ लेने वाले शोधार्थी यदि फैलोशिप अवधि के दौरान् शोध कार्य के साथ-साथ अन्य कोई वित्तीय सहायता प्रदत्त कार्य करते हैं तो इनकी शोधकार्य की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। इस योजना में लाभार्थी पंजीकृत शोधार्थी को जितने महीने की फैलोशिप मिलती है उतनी समयावधि तक केवल शोधकार्य पर ही ध्यान केन्द्रित करना होगा। यदि शोधार्थी किसी विश्वविद्यालय या महाविद्यालय में गेस्ट-फेकल्टी / विद्या संबल के रूप में निर्धारित मानदेय पर अध्यापन कार्य करवाता है अथवा समान प्रवृत्ति के कोई भी अन्य वित्तीय लाभ / सहायता प्राप्त करता है तो उसे दोनों योजनाओं में से किसी एक योजना का वित्तीय लाभ छोडना होगा।

अतः आयुक्तालय कालेश शिक्षा, राजस्थान, जयपुर से प्राप्त पत्र की पालना कराये जाने हेतु समस्त शोधनिर्देशकों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त पत्र की अनुपालना में किसी प्रकार का तथ्य छुपाया नहीं जावे एवं अपने-अपने अधीन शोधरत (पंजीकृत) समस्त अभ्यर्थियों की जानकारी अवलिम्ब अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रेषित करावें, ताकि आयुक्तालय को अतिशीघ्र जानकारी प्रदान की जा सके।

ध्यातव्य है कि अपने अधीन पंजीकृत शोधार्थी से सम्बन्धित किसी प्रकार के तथ्य छुपाये जाने से सम्बन्धित समस्त जिम्मेदारी आप स्वयं की होगी।

भवदीय
6.11.25
(डॉ. राजधर मिश्र)
निदेशक, अनुसन्धान केन्द्र
दिनांक- 06/11/20

क्रमांक प.( ) जरारासंविवि/ अनु.केन्द्र / 25 / 11399 - 11406

प्रतिलिपि सूचनार्थः-

1. निजी सचिव माननीय कुलपति महोदय, जरारासंविवि, जयपुर
2. निजी सहायक कुलसचिव, जरारासंविवि, जयपुर
3. निदेशक, शैक्षणिक परिसर, जरारासंविवि, जयपुर
4. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी शास्त्री / आचार्य स्तर के महाविद्यालयों के प्राचार्य
5. परीक्षा नियन्त्रक, जरारासंविवि, जयपुर
6. सम्बन्धित शोधनिर्देशक / शोधार्थी, जरारासंविवि, जयपुर
7. प्रभारी विश्वविद्यालय बैवसाईट, जरारासंविवि, जयपुर को प्रति प्रेषित कर लेख है कि कृपया इसे विश्वविद्यालय बैवसाईट पर प्रदर्शित कराने का श्रम करावें।

6.11.25
(डॉ. राजधर मिश्र)
निदेशक, अनुसन्धान केन्द्र